प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 18.05.2026 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज स्वीडन की अपनी दो–दिन की यात्रा के बाद नॉर्वे के लिए रवाना हो गए। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि स्वीडन की उनकी यात्रा के कई महत्वपूर्ण परिणाम निकले हैं, जो द्विपक्षीय संबंधों को एक नई गति प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक ले जाने की कवायद में ये चर्चाएँ अत्यंत सार्थक रहीं। भारत–स्वीडन संयुक्त कार्य योजना की व्यापक रूपरेखा का उद्देश्य अगले पांच सालों में द्विपक्षीय आर्थिक आदान–प्रदान को दोगुना करना है। इस यात्रा में प्रधानमंत्री श्री मोदी को रॉयल ऑर्डर ऑफ द पोलर स्टार से सम्मानित किया गया। यह स्वीडन का किसी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है।

00000

कांग्रेस नेता वी. डी. सतीशन ने आज केरलम के नये मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। तिरूअनंतपुरम के सेन्ट्रल स्टेडियम में हुए समारोह में उनके साथ मंत्रिपरिषद ने भी शपथ ली। राज्यपाल राजेन्द्र अरलेकर ने मुख्यमंत्री और केबिनेट को पद और गोपनियता की शपथ दिलाई। पार्टी ने 14 मई को श्री सतीशन को केरलम का अगला मुख्यमंत्री घोषित किया था। कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट ने केरलम विधानसभा चुनाव में दो–तिहाई से अधिक बहुमत हासिल किया है।

00000

राज्य विधानसभा के 75वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में आज विधानसभा के नये लोगो का विमोचन किया गया। विधानसभा परिसर में आयोजित समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने लोगो की लॉन्चिंग की । साथ ही विधानसभा के चारों द्वारों के नामकरण की पट्टिकाओं का अनावरण किया गया। इन प्रवेशद्वारों को राजस्थानी संस्कृति के अनुरूप नये नाम दिये गये है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने इस नवाचार की पहल की। गौरतलब है कि डिजिटल पेपरलेस व्यवस्था, सांस्कृतिक और लोकतांत्रिक दीर्घाओं डिजिटल संग्रहालय सहित अन्य नवाचारों से राजस्थान विधानसभा को देश में अनूठी पहचान मिली है।

00000

हाडौती अंचल के बुनकरों की हस्तकला कोटा डोरिया की वैश्विक पहचान मजबूत करने के प्रयास तेज किये जा रहे है। पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय और जिला प्रशासन के साझा प्रयासो से कैथून कस्बे के बुनकरों के हुनर को सवारने की कवायद शुरू की गई है। हाल ही में केन्द्रीय सचिव संजय जाजू के दौरे ने इस मुहिम को नई गति दी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस विरासत को सहेजने और इसके आधुनिकीकरण के लिए स्थानीय कॉमन फेसेलिटी सेंटर को सशक्त किया जा रहा है।

0000

प्रदेश में दिन के साथ अब रातें भी काफी तपने लगी है। कल 45 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बाडमेर प्रदेश में सबसे गर्म शहर रहा। इसके अलावा बीकानेर जैसलमेर फलोदी चित्तौडगढ कोटा और श्रीगंगानगर सहित कुछ अन्य शहरों में तापमान 44 डिग्री से उपर मापा गया। उधर चित्तौडगढ और हनुमानगढ में रात का पारा 33 दशमलव 2 डिग्री पंहुचने से गर्म रातों का दौर शुरू हो गया। कोटा में भी रात का पारा 32 डिग्री सेल्सियस तक उछल गया। राजधानी जयपुर में भी लगातार तीसरे दिन तापमान में बढोतरी दर्ज की गई। यहां दिन का पारा 42 दशमलव 7 डिग्री तक पंहुच गया। मौसम विभाग ने आज और कल राज्य के 19 जिलों में हीटवेव का येलो अलर्ट जारी किया हैं।

00000

आईपीएल क्रिकेट में चेन्नई सुपर किंग्स का मुकाबला आज शाम साढे सात बजे सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। यह मैच हैदराबाद के एम ए चिदम्बरम स्टेडियम में खेला जाएगा। रैंकिंग में,

सनराइजर्स हैदराबाद तीसरे और चेन्नई सुपर किंग्स पांचवें स्थान पर है। वहीं कल डेल्ही कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से हराया। इसके साथ ही डेल्ही कैपिटल्स ने प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदें बरकरार रखीं हैं। दिल्ली में खेले गये मैच में कल 194 रन के लक्ष्य के जवाब में डेल्ही कैपिटल्स ने 20वे ऑवर में पांच विकेट पर 197 रन बनाकर मैच जीत लिया। इस जीत के साथ डेल्ही कैपिटल्स तालिका में आठवें से सातवें स्थान पर पहुंच गई है। धर्मशाला में एक अन्य मैच में, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, पंजाब किंग्स को 23 रन से हराकर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली टीम बन गई है।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 31 मई को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 134वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता अपने सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेज सकते है। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 29 मई तक स्वीकार किए जाएंगे।

0000